(b) and (c) The Government is aware of reports suggesting harmful effects of food irradiation. However, the safety of irradiation of any foodstuff upto the overall average dose of 10 Kgy has been established both within the country and outside. While clearing the irradiation processing Government has sciutinized all available report? and is satisfied about the nutritional adequacy and toxicolegica.1 safety of irradiated food.

(d) The Government is satisfied that the decision taken so far are based on sound scientific reasoning and hence no review of the decision is warranted at this stage.

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

3191. **कुमारी सुशीला तिरिया** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप-केन्द्रों की स्थापना करने के संबंध में ये मापदंड स्थापित किए गए हैं कि प्रति 20,000 की जनसंख्या पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्रति 3,000 की जनसंख्या पर एक उप-केन्द्र खोला जाएगा;

(ख) यदि हां, तो क्या इन मापदंडों के अनुसार मध्य प्रदेश के आदिवासी जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप-केन्द्रों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इन मापदंडों के अनुसार कितने केन्द्रों के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता है ; और उन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; और

(घ) क्या सरकार अतिरिक्त सुविधा के रूप में इन आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चलने-फिरने चिकित्सा एककों के शुरू किए जाने पर विचार करेगी ?

स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी, हां।

(ख) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत चरणबद्ध ढंग से उप-केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं और आशा है कि मानदंडों के अनुसार अपेक्षित सभी उप-केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक स्थापित कर दिए जाएंगे।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) इस समय ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

सरकारी अस्पतालों में लेजर शल्य चिकित्सा का प्रावधान

3192. **श्री अजीत जोगी** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के अलावा अन्य नगरों में सरकारी अस्पतालों में लेजर शल्य चिकित्सा के प्रयोग से मस्तिष्क के ट्यूमर के आपरेशन की सुविधा प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस पद्धति के लाभ को ध्यान में रखते हुए इस सुविधा का विस्तार करने का विचार रखती है?

स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) से (ग) मस्तिष्क ट्यूमर के लिए लेजर किरणें केवल डा० राम मनोहर